हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 10 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

14 आधार केंद्र पर हुई अवैध वसूली, पांच माह पहले हुई शिकायत



14 नई अनाजमंडी में हुआ महाराणा प्रताप हिंदू सम्मेलन



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ति करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वर्ष 2024 में विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों को कई बार थाने बुलाकर काउंसलिंग कराई थी, ताकि उनके बीच समझौता हो सके। दोनों पक्षों में समझौते पर सहमति नहीं बनने के कारण पुलिस ने गत 2 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में गुरूग्राम के देवीलाल कॉलोनी निवासी अमरदीप को गिरफ्तार कर लिया।

### पांचवीं बार प्रोडक्शन वारंट पर चोरी का आरोपी

**रेवाड़ी।** चोरी के कई मामलों लिप्त चोरी के आरोपी को अब थाना खोल पुलिस ने कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने वर्ष 2024 में हुई चोरी की वारदात के बाद दर्ज मामले में नूंह के गुवारका निवासी आजाद को गिरफ्तार किया था। उसने चोरी की तीन दर्जन से अधिक वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की थी। जिले के कई थानों में उसके खिलाफ चोरी के केस दर्ज होने के कारण उसे दो बार प्रोडक्शन वारंट पर लिया गया था। अब थाना खोल पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपी से अभी कई अन्य मामलों में भी पूछताछ की जाएगी।

### हादसे में प्रयुक्त हुई मोटरसाइकिल बरामद

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने गत 8 फरवरी को सड़क हादसे को अंजाम देने वाली बाइक अपने कब्जे में ली है। रोहड़ाई के पास बाइक की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस हादसे में बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। चालक बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। सड़क किनारे पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। बाइक के मालिक का पता लगाकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### पानी की मोटर चोरी करने का ओरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने पानी की मोटर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की शिकायत के आधार पर गत 8 फरवरी को केस दर्ज किया था। चोर एक मकान से पानी की मोटर चोरी कर ले गया था। जांच के बाद पुलिस ने गुरूग्राम के नानू कलां निवासी सुमित को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की गई मोटर बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### खाना खाकर के बाद सोया युवक मृत मिला

**धारूहेड़ा।** बास रोड निवासी एक 29 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। देवांश पांडे रविवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गया था। सोमवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा, तो परिजनों ने उसके कमरे में जाकर देखा। वह बिस्तर पर बेसुध पड़ा हुआ था। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। देवांश की मौत हार्ट अटैक से होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### मारपीट के दो आरोपी वारंट पर लिए

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने गत 19 जनवरी को भालखी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर हमला करने के मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। नाला निर्माण के चलते हुए विवाद के बाद मौके पर गए सरपंच प्रतिनिधि पर कई लोगों ने हमला कर दिया था। इसी दिन माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी के साथ भी मारपीट हुई थी।

### कुत्तों को पकड़ने के लिए जारी हेल्पलाइन सेवा खुद 'बीमार'

# शहर में बढ़ रही कुत्तों की तादाद, नप कार्यालय में स्ट्रीट डॉग ने डाला डेरा

***हेल्पलाइन सेवा हो रही फेल, नहीं हो रही कॉल रिसीव, धीमा पड़ा नसबंदी अभियान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण के लिए नगर परिषद की ओर से करीब दो महीने पहले कुत्तों की नसबंदी व वैक्सीनेशन के लिए टेंडर किए गए, जिसके बाद टेंडर लेने वाली फर्म की ओर से कुत्तों को पकड़ने के कार्य में फूर्ति दिखाई गई, लेकिन वर्तमान में से अभियान काफी धीमा हो गया है। नगर परिषद की ओर से जारी कार्यालय व एजेंसी हेल्पलाइन नंबर सेवा ही बीमार हो गई है। दोनों नंबरों पर कॉल रिसीव नहीं हो रही है।

नगर परिषद परिसर में ही स्ट्रीट डॉग ने डेरा डाला हुआ है। नसबंदी का कार्य होने के बावजूद शहर में कुत्तों की तादाद बढ़ रही है। नप कार्यालय परिसर में कुत्तों के बच्चे देखे जा सकते है। नप की ओर से पिछले दिनों कुत्तों की नसबंदी के लिए 45 लाख रुपए का टेंडर किया गया है। ठेका लेने वाली स्नेह एनीमल वेलफेयर ट्रस्ट फर्म के माध्यम से नगर परिषद का करीब 3000 स्ट्रीट डॉग के टीकाकरण व नसबंदी करने का लक्ष्य है। फर्म की ओर से कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद वापस उसी क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है।



नगर परिषद परिसर में बैठे कुत्ते।



नगर परिषद परिसर में घूमते कुत्ते।

### गत वर्ष 6 हजार से अधिक हुए थे कुत्तों के शिकार

गत वर्ष शहर में कुत्तों के काटने के 6000 से से अधिक मामले आए थे। जिले में प्रतिदिन 50 से 60 व्यक्ति कुत्तों के शिकार हो जाते हैं। इनमें 30 से 40 मामले तो नागरिक अस्पताल में आ जाते है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों व निजी अस्पतालों में भी कुत्तों के काटने के सैकड़ों केस आ जाते है। कुत्तों के काटने से रेबीज नामक बीमारी होती है जो काफी जानलेवा होती है। नगर परिषद की ओर से 4 साल पहले कुत्तों की नसबंदी को लेकर प्रयास किए गए थे। यह कार्य कुछ समय तक चला, लेकिन फिर ठंडे बस्ते में चला गया। लोगों ने कई बार नगर परिषद को शिकायत भी की। नगर परिषद की ओर से टेंडर करने के बाद हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए ताकि शहरवासी कुत्तों की नसबंदी से संबंधित जानकारी लेने के साथ शिकायत भी कर सकें। नागरिक हेल्पलाइन नंबर-8572827322 व एजेंसी हेल्पलाइन नंबर-9680317487 जारी किया गया। शहरवासी लंबे समय से आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग कर रहे थे, लेकिन जब 'हरिभूमि' की ओर से सोमवार को हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल की गई तो नागरिक हेल्पलाइन नंबर पर तो इनकमिंग कॉल की सुविधा नहीं थी, जबकि एजेंसी हेल्पलाइन नंबर स्वीच ऑफ रहा।

### डीसी ने दिसंबर में दिए थे आदेश

डीसी अभिषेक मीणा ने दिसंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना को लेकर विभागों के अधिकारियों को बैठक में सार्वजनिक स्थानों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, स्टेडियम व शिक्षण संस्थानों को कुत्तों और खुले में घूम रहे पशुओं से मुक्त करने के आदेश दिए थे। साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए खुले में घूम रहे कुत्ते और पशुओं को पकड़ने के आदेश दिए, लेकिन अभी भी सार्वजनिक स्थानों व सरकारी कार्यालयों में स्ट्रीट डॉग आराम फरमाते देखे जा सकते है।

### नगर पिरषद करेगा देखरेख

टेंडर लेने वाली फर्म की ओर से शहर में आवारा कुत्तों के टीकाकरण व नसबंदी का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद की ओर से कार्य की पूरी देखरेख की जाएगी। हेल्पलाइन सेवा की भी जांच की जाएंगी।

-सुशील कुमार, ईओ नगर परिषद।

# पैसों के लेन-देन में मामा की पीटकर हत्या, भांजे सहित कई लोगों पर केस दर्ज

- आरोपियों की तलाश में जुटी कोसली पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रविवार की रात बव्वा गांव में पैसों के लेन-देन को लेकर सगे भांजे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने मामा की पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। कोसली थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।



बव्वा निवासी लगभग 45 वर्षीय परशुराम का अपने भांजे गुरूग्राम के राजेंद्र पार्क में रहने वाले मूल रूप से दखोरा निवासी रोहित के साथ पैसे का लेन-देन था। उसकी पत्नी सुमन देवी ने पुलिस बयान में बताया कि रविवार की रात लगभग साढ़े 8 बजे वह और उसका पति बच्चों के साथ घर पर ही थे। इसी दौरान परशुराम का भांजा रोहित 7-8 अन्य लोगों के साथ उनके घर पर आ गया। रोहित के साथ उसकी पत्नी ज्योति व एक अन्य महिला भी थी। सुमन ने आरोप लगाया कि रोहित ने आते ही उसके पति के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। उसने और उसकी बहन शर्मिली ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसके बाद रोहित और उसकी पत्नी ने उसके पति परशुराम की गर्दन पकड़कर जोर से धक्का मारा, जिससे उसके पति का सिर दरवाजे के बाहर पैड़ी पर लगा। बचाव करने पर उसे भी धक्का दिया गया। इसके बाद रोहित और उसके साथ आए लोग धमकी देकर वहां से चले गए। उसके बेटे ने धमकी देने का वीडियो भी बना लिया। वह और उसकी बहन शर्मिली परशुराम को कनीना के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### कंपनी में सुपरवाइजर था परशुराम

परशुराम के परिवार में उसकी पत्नी सुमन के अलावा बेटा अक्षय और बेटी संजू हैं। परशुराम एक प्राइवेट कंपनी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। उसका भांजा रोहित गांव में ही एक शादी समारोह में भाग लेने के लिए आया हुआ था। उसका मामा के साथ पैसों का लेन-देन था। इसी बात को लेकर उसने मामा पर हमला कर दिया, जिससे परशुराम की मौत हो गई। कोसली पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

# मोटर चोरी के मामले में एक आरोपी काबू, 24 वारदातों का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सदर थाना पुलिस ने मोटर चोरी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला गुरुग्राम के गांव नानू कलां निवासी सुमित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई एक मोटर व वारदात में प्रयोग की गई बाइक को बरामद किया है।

डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह ने बताया कि गांव रामगढ़ निवासी इंद्रजीत ने शिकायत दी थी कि रविवार को शाम के समय अपने खेत में नीलगायों से रखवाली करने के लिए गया था। उसके खेत के पास बाइक पर दो युवक खड़े थे। उन्होंने बाइक के बीच में पानी की मोटर रखी हुई थी।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते डीएसपी।

उसके पास जाने पर दोनों ने भागने का प्रयास किया तो उसने मौके पर एक आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला गुरूग्राम के गांव नानू कलां निवासी सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सुमित कुमार गुरूग्राम के नानू कलां का रहने वाला है। फरार होने वाला आरोपी भी उसी के गांव का कर्मबीर है।

# हसला के जिला प्रधान सहित सात के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

- सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की पत्नी के फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठे लगवाकर जमीन बेचने का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के जिला प्रधान मनोज कुमार सहित 7 लोगों के खिलाफ जमीन की धोखाधड़ी करने का मामला किया है। यह मामला एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है। दूसरी ओर हसला प्रधान ने धोखाधड़ी के आरोपों को आधारहीन बताते हुए कहा कि उन्होंने किसी तरह की धोखाधड़ी नहीं की। दस्तावेज पूरी तरह सही हैं। वह जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं।





**रेवाड़ी।** पुलिस स्टेशन मॉडल टाउन।

मसानी निवासी विजय सिंह ने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा को दी शिकायत में बताया था कि वह सीआरपीएफ में इंस्पेक्टर है और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में तैनात है। उसने वर्ष 2013 में अपनी पत्नी पुष्पा के नाम पर शहर के रामगढ़ रोड स्थित राम विहार में गली नंबर-4 के समीप करीब 1119 वर्गगज जमीन गांव फिदेड़ी निवासी रमेश से खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री और इंतकाल उनकी पत्नी के नाम पर है। उन्होंने जमीन की चारदीवारी भी करवा दी थी। विजय ने बताया कि उसकी गांव मसानी निवासी मनोज कुमार व तीतरपुर निवासी दयाकिशन से अच्छी दोस्ती थी। जिसके चलते दोनों का उनके घर आना-जाना भी था। वह सीआरपीएफ में तैनात होने की वजह से अक्सर बाहर की ड्यूटी पर रहता था।

### धोखाधड़ी में कई अन्य भी शामिल

इस धोखाधड़ी में तीतरपुर निवासी दिनेश कुमार, खलीलपुरी निवासी बबीना, नारनौल के गांव मांदी निवासी शकुंतला ने भी सहयोग किया। काफी समय तक तो उसे इस धोखाधड़ी का पता नहीं चला। जब उसे पता चला तो उसने 14 दिसंबर 2025 को शहर थाना में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने एसपी को शिकायत दी। एसपी के आदेश पर अब माडल टाउन थाना पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### जांच का सामना करने को तैयार

वहीं दूसरी ओर आरोपी मनोज का कहना है कि जमीन की खरीद-फरोख्त में किसी तरह की धोखाधड़ी नहीं की गई है। उनके पास इसके सभी दस्तावेज मौजूद हैं। वह पुलिस जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं।

## हड़ताल में शामिल नहीं होंगे हरियाणा राज्य परिवहन कर्मचारी संघ के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बस स्टैण्ड परिसर में सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा राज्य परिवहन कर्मचारी संघ की मीटिंग बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य सचिव व डिपो प्रधान यशपाल यादव ने की तथा मंच संचालन मुख्य सलाहकार अमित सिगड़ा ने किया।

बैठक में आगामी 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर समीक्षा की गई। हड़ताल केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से की जाएगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि यह हड़ताल कर्मचारी विरोधी एवं राष्ट्र-विरोधी है। हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व बीएमएस में आस्था रखने वाला प्रत्येक कर्मचारी इस दिन हड़ताल से दूरी बनाएगा और परिवहन सेवाओं को सुचारू रूप से जारी रखेगा। आमजन को किसी भी तरह की कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बैठक में हाल ही में सरकार की ओर से लागू किए गए चार नए श्रम कानूनों पर भी चर्चा की गई, जिनका भारतीय मजदूर संघ ने पूरा समर्थन किया। बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न डिपो स्तरीय व्यक्तिगत समस्याओं को सुना गया।

# ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नाहड़ खंड सरपंच एसोसिएशन ने खंड विकास एव पंचायत अधिकारी के माध्यम से जिला उपायुक्त को ज्ञापन भेजकर ग्राम सभा में ग्रामीणों की अनिवार्य 40 प्रतिशत भागीदारी को हटाने की मांग की है। दो दर्जन गांवों के सरपंचों ने कहा कि ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा करने के लिए 40 प्रतिशत ग्रामीणों की अनिवार्य भागीदारी सभी पंचायतों के लिए बहुत बडी चुनौती बन गई है। ब्लॉक की पंचायतों में लगभग सभी सरपंच चौकीदार से मुनादी कराकर तीन ग्रामसभा का आयोजन अब तक कर चुके हैं, लेकिन ग्रामसभा में कोरम के अनुसार लोग नहीं आने से सभी पंचायतें ग्रामसभा कराने में असफल रही है, जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य के एजेंडे और विभिन्न योजनाओं संबंधी एजेंडे पारित नहीं होने के कारण विकास कार्य कराने में परेशानी हो रही है। सरपंचों ने कहा कि नौकरी करने अथवा अपने व्यवसाय में व्यस्त होने के कारण लोग ग्राम सभा में नहीं पहुंच पाते हैं। गांवों में प्रायः परिवार का मुखिया ही ग्रामसभा में पहुंचता है, जिसके कारण सरपंच के लिए ग्राम सभा में 40 प्रतिशत ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करना सम्भव नहीं है।



**रेवाड़ी।** नाहड़ के एसईपीओ को ज्ञापन सौंपते सरपंच एसोसिएशन के सदस्य।



**रेवाड़ी।** बेगराम को बैग सौंपते हुए पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### ऑटो में छूटा दंपति का बैग ट्रैफिक पुलिस ने किया तलाश

**रेवाड़ी।** सोमवार दोपहर कुतुबपुर से रेलवे स्टेशन गए दंपति का गहनों से भरा बैग ऑटो रिक्शा में छूट गया। बैग में लगभग 3.5 लाख रुपये के जेवरात थे। सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने चंद मिनटों में ऑटो की तलाश की। इसके बाद बैग दंपति के हवाले कर दिया गया। यूपी के मुरादाबाद निवासी बेगराम अपनी पत्नी के साथ कुतुबपुर में अपनी बेटी व दामाद के पास आया हुआ था। सोमवार को उसे वापस अपने घर जाना था। वह ऑटो रिक्शा से रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया। ऑटो से उतरते समय वह बैग उतारना भूल गया। ऑटो चालक भी सवारी उतारने के बाद वहां से चला गया। इसके बाद जब बेगराम को बैग ऑटो में छूट जाने का अहसास हुआ तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सिटी ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज बलवंत व एमएचसी ईश्वर दत्त की टीम ने कड़े प्रयास करते हुए ऑटो की तलाश कर ली।

### गांधीधाम-भुज रेलखंड पर तकनीकी कार्य के कारण रेलसेवाएं प्रभावित

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से गांधीधाम-भुज रेलखंड पर गांधीधाम ब्लॉक केबिन और आदिपुर स्टेशनों के मध्य तकनीकी कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलसेवाएं आंशिक रद रहेंगी। गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 4 फरवरी, 6, 8, 9 व 11 फरवरी को बरेली से प्रस्थान करने गांधीधाम तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा गांधीधाम-भुज के मध्य आंशिक रद रहेगी। गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 5, 7, 8, 9 व 12 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 14311 बरेली-भुज रेलसेवा 5, 7 व 10 फरवरी को बरेली से प्रस्थान करके गांधीधाम तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14312 भुज-बरेली रेलसेवा 6, 10 व 11 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 20984 दिल्ली सराय-भुज रेलसेवा 4, 7 व 11 फरवरी को दिल्ली सराय से प्रस्थान करके गांधीधाम तक ही संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20983 भुज- दिल्ली सराय रेलसेवा 6 व 10 फरवरी को भुज के स्थान पर गांधीधाम से प्रस्थान करेगी।

## गांवों में होंगे नए विकास कार्य, 125 दिन तक मिलेगा रोजगार

# वीबी-जी राम जी योजना से मिलेगी ग्रामीण विकास को नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शुरू की गई विकसित भारत-जीरामजी योजना से लोगों को रोजगार तो मिलेगा ही, साथ ही उनकी आमदनी में भी बढ़ोतरी होगी। विधायक सोमवार को गांव असदपुर और सुनारिया में विकसित भारत-जीरामजी योजना के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे पहले मनरेगा नाम से इस योजना को चलाया जा रहा था, जिसमें कई प्रकार की खामियां थीं, जिस कारण ग्रामीण विकास के काम पूरे नहीं हो पा रहे थे। अब नई स्कीम को केंद्र सरकार ने लांच कर दिया है।



विकसित भारत-जीरामजी योजना के संचालन से गांवों में नए विकास के काम कराए जाएंगे। ग्रामीणों को उनके घर द्वार पर ही 125 दिन तक रोजगार दिया जाएगा। इसमें मेहनताना भी पहले से अधिक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत-जीरामजी योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए पंचायत विभाग को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### मजदूरी के भुगतान में देरी हो जाए तो श्रमिक को अतिरिक्त राशि दी जाएगी

विधायक लक्ष्मण यादव ने कहा कि जीरामजी योजना में मजदूर को काम नहीं मिला तो बेरोजगारी भत्ते का भी प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मजदूरी के भुगतान में देरी हो जाए तो श्रमिक को अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में सुनारिया के सरपंच खुशीराम, विनय जेलदार, मंडल अध्यक्ष नवीन यादव, बिजेंद्र यादव, कैप्टन देवदत्त, संदीप यादव, श्याम सुंदर, प्रवीन कुमार, बहादुर सिंह, विकास, नित्या राव व मंडल महामंत्री सुरेंद्र मौजूद थे।

वैलेंटाइन-डे विशेष



वैलेंटाइन-डे पर जब प्रेम की बात होती है, तो इसके मायने प्रायः रोमांस तक सीमित रह जाते हैं। जबकि प्रेम के बहुत व्यापक अर्थ हैं, रूमानी जज्बातों से बहुत ऊपर। विशेष तौर पर स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत उदात्त हैं। इसमें स्त्री का अवदान अमूल्य है, अनुपम है। स्त्री के संदर्भ में प्रेम के मायने शाश्वत हैं।


# स्त्री के लिए प्रेम के मायने

आवरण कथा
कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

जब प्रेम, शब्दों से पहले व्यवहार बन जाए, तब वह कहने से ज्यादा करने में दिखे, तब वहां स्त्री मन उपस्थित होता है। स्त्री का प्रेम कोई क्षणिक भाव नहीं होता, वह एक निरंतर चलने वाली कोमल प्रक्रिया है, जिसमें धैर्य, समर्पण, समझ और सहनशीलता एक साथ ध्वनित होती है। स्त्री मन प्रेम को मां की ममता में जीता है, पत्नी की जिम्मेदारी निभाता है और बहू के रूप में संतुलन बनाकर चलता है। स्त्री का प्रेम केवल पाने की इच्छा नहीं रखता, बल्कि देने की क्षमता से भरा होता है। वह प्रेम को शर्तों में नहीं बांधती, बल्कि परिस्थितियों के साथ ढाल लेती है। एक स्त्री जब प्रेम करती है, तो वह सामने वाले के स्वभाव को समझने का प्रयास करती है। वह उसकी चुप्पी भी पढ़ लेती है, उसके गुस्से के पीछे की वजह को पहचान लेती है। स्त्री मन का प्रेम केवल भावनात्मक नहीं होता, वह व्यावहारिक भी होता है। वह जानती है कि कब बोलना है, कब चुप रह जाना ही प्रेम को बचा सकता है।

**प्रेम में त्याग करती है स्त्री:** घर के भीतर हो या काम-काज में, स्त्री का प्रेम सबसे अधिक दिखाई देता है। सुबह की पहली चिंता से लेकर रात की आखिरी तैयारी तक, प्रत्येक काम में उसका प्रेम घुला-मिला होता है। वह भोजन बनाते समय यह सोचती है कि किसे क्या पसंद है, किसे क्या नहीं? वह बीमार सदस्य की नींद का ख्याल रखती है। बच्चों के डर को अपनी हिम्मत से निडर बनाने का प्रयत्न करती है। स्त्री मन का प्रेम त्याग से जुड़ा होता है फिर भी त्याग बोझ नहीं बनता। स्त्री इसे अपने अस्तित्व का हिस्सा बना लेती है।

**प्रेम को सहज बनाती है स्त्री:** कई बार स्त्री अपनी इच्छाओं को पीछे रख देती है, क्योंकि उसके लिए प्रियजनों की खुशी अधिक महत्वपूर्ण होती है। वह यह नहीं जताती कि उसने क्या छोड़ा, क्योंकि उसका प्रेम दिखावे का नहीं होता। समाज अकसर स्त्री के प्रेम को उसका कर्तव्य कहकर सीमित कर देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि स्त्री प्रेम को चुनती है। वह हर दिन दूसरे की खुशी चुनती है, समझना, सहना, संभालना और जीवन में प्रवाहित रहना। यह चयन आसान नहीं होता, फिर भी स्त्री इसे सहज बना लेती है।



**स्त्री का प्रेम रिश्तों को जोड़ता है:** स्त्री मन का प्रेम रिश्तों को जोड़ने का काम भी करता है। टूटते संवाद, बिगड़ते संबंध, अनकहे मतभेद, इन सबके बीच वह सेतु बनती है। वह जानती है कि हर रिश्ते में जीतना जरूरी नहीं, कई बार रिश्तों को निभाना ज्यादा जरूरी होता है।

**स्त्री देती है प्रेम को नया अर्थ:** प्रेम में स्त्री की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है। वह भावनाओं को हल्के में नहीं लेती। किसी के शब्दों का असर, किसी की चुप्पी का कारण, वह सब महसूस करती है। यही संवेदनशीलता उसे मजबूत बनाती है, कमजोर नहीं। हालांकि स्त्री मन का प्रेम अकसर परीक्षा में डाला जाता है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह हर हाल में समझे, हर परिस्थिति में समायोजन करे। उसकी सहनशीलता को उसकी सीमा समझ लिया जाता है, लेकिन स्त्री का प्रेम असीम नहीं होता। उसे भी सम्मान, अपनापन और समझ की आवश्यकता होती है। जब स्त्री मन को प्रेम के बदले प्रेम मिलता है, तो वह और निखर जाता है। जब उसकी भावनाओं को सुना जाता है, उसकी थकान को पहचाना जाता है, तो वह और अधिक देने में सक्षम होती है। स्त्री का प्रेम तब खिलता है, जब उसे केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा जाता है। मां के रूप में स्त्री, प्रेम को सुरक्षा में बदल देती है। वह बच्चों के लिए ढाल बन जाता है। पत्नी के रूप में वह प्रेम को साझेदारी बनाती है। और बेटी के रूप में प्रेम को विश्वास से जोड़ती है।

**स्त्री के लिए प्रेम का अर्थ बहुत व्यापक है:** स्त्री मन प्रेम में पूर्णता नहीं ढूंढ़ता, वह संतुलन ढूंढ़ता है। वह जानती है कि हर इंसान अपूर्ण है, फिर भी वह उसे स्वीकार करना सीखती है। यही स्वीकार्यता उसके प्रेम को गहराई देती है। आज के समय में जब रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, स्त्री मन का प्रेम उन्हें थामे रखने का प्रयास करता है। वह संवाद बनाए रखने की कोशिश करती है, समझौते को हार नहीं मानती। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, साथ चलना, चाहे रास्ता कठिन क्यों न हो। लेकिन यह भी जरूरी है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल अवदान के रूप में न देखा जाए, बल्कि एक साझेदारी के रूप में समझा जाए। जब प्रेम एकतरफा होता है, तब वह प्रेम कम, बोझ ज्यादा बन जाता है, तब वह मन को थकाने लगता है। स्त्री का प्रेम तब सबसे सुंदर होता है, जब उसे लौटकर भी उतनी ही संवेदना मिले।

**निरंतर निभाए जाने वाला उत्तरदायित्व:** यह समझना आवश्यक है कि स्त्री मन का प्रेम केवल एक भाव नहीं, बल्कि एक निरंतर निभाया जाने वाला उत्तरदायित्व है। वह प्रेम को शब्दों में नहीं तौलती, बल्कि उसे जीवन के हर छोटे-बड़े क्षण में जीती है। उसकी उपस्थिति से रिश्तों में स्थिरता आती है। घर में संतुलन बना रहता है और जीवन की कठिनाइयां कुछ आसान लगने लगती हैं। स्त्री मन में प्रेम स्वयं को पूरी तरह समर्पित कर देता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि वह स्वयं को भूल जाना चाहता है। स्त्री भी चाहती है कि उसके भावों को समझा जाए, उसकी चुप्पी को सुना जाए और उसकी थकान को पहचाना जाए।

**प्रेम में स्त्री का अमूल्य योगदान:** प्रेम के अवदान में स्त्री मन का योगदान अमूल्य होता है। वह प्रेम को जीती है, निभाती है और सहेजती है। वह प्रेम को केवल महसूस नहीं करती, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी में उतारती है। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, लेकिन उसकी उपस्थिति से जीवन में स्थिरता आती है। वह बिना कहे बहुत कुछ दे जाता है, और यही उसका सबसे बड़ा अवदान है, प्रेम को जीवन का आधार बना देना।



## जीवन को मानवीय बनाता है प्रेम

**आज आवश्यकता** इस बात की है कि स्त्री मन के प्रेम को केवल त्याग की कसौटी पर न परखा जाए। उसे साझेदारी, संवाद और समान भावनात्मक सहयोग की जरूरत है। प्रेम तब ही पूर्ण होता है, जब वह एकतरफा नहीं, बल्कि दो मनों की साझा यात्रा बन जाए। स्त्री मन का प्रेम शोर नहीं करता, वह दिखावा नहीं करता। वह चुपचाप जीवन को थामे रखता है। वही प्रेम रिश्तों को टूटने से बचाता है, वही प्रेम जीवन को मानवीय बनाता है। और यही स्त्री मन का सबसे बड़ा अवदान है कि वह प्रेम को जीने की कला सिखाता है, बिना शर्त, बिना अपेक्षा, बस पूरी आत्मीयता के साथ।

# आप भी जरूर मनाएं प्रेम का यह उत्सव

अधिकांश मैरीड कपल्स मानते हैं कि वैलेंटाइन-डे का क्रेज शादी से पहले तक ही रहता है। जबकि आपसी जुड़ाव में प्रगाढ़ता लाने के लिए प्रेम का यह उत्सव हर दंपति को भी जरूर मनाना चाहिए।

दांपत्य
पूर्ति खरे



फरवरी माह की 14 तारीख यानी वैलेंटाइन-डे केवल लविंग कपल्स के लिए ही नहीं, पति-पत्नी के लिए भी किसी पर्व से कम नहीं है। वास्तव में पति-पत्नी का रिश्ता गहरा, मजबूत और जीवन भर का बंधन होता है, जो प्रेम, विश्वास और आपसी समझ पर ही आधारित होता है। यह रिश्ता न केवल दो लोगों को जोड़ता है, बल्कि दो परिवारों को भी एक साथ लाता है। इसलिए इस खास दिन आप अपने प्यार और विश्वास को एक-दूसरे के प्रति व्यक्त कर सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तरीके अपना सकते हैं।

**रोमांटिक डिनर:** पति-पत्नी इस अवसर पर एक साथ रोमांटिक डिनर का आनंद ले सकते हैं। आप अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में जा सकते हैं या घर पर ही रोमांटिक डिनर अरेंज कर सकते हैं।

**लवली ट्रिप:** वैलेंटाइन-डे को स्पेशल बनाने के लिए कहीं बाहर ऐसी जगह घूमने जा सकते हैं, जहां बस आप दोनों हों। इसके लिए किसी सुंदर नेचुरल प्लेस को चुनें, जैसे कि समुद्र तट, हिल स्टेशन या नेशनल पार्क या ऐसी ही कोई जगह। रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से दूर एक-दूजे के साथ बिताया गया यह समय न केवल प्यारा अहसास देगा, आपके लिए हमेशा के लिए यादगार बन जाएगा।



**मूवी नाइट:** पति-पत्नी प्यार के इस खास अवसर पर एक साथ मूवी नाइट का आनंद ले सकते हैं। आप अपनी कोई पसंदीदा मूवी अपने लाइफ पार्टनर के साथ देख सकते हैं। साथ में बैठकर पॉपकॉर्न का आनंद लेते हुए फिल्म देखना आपको बहुत खुशी देगा। निश्चित तौर पर साथ बिताया यह समय आपके रिश्ते को एक नई उमंग से भर देगा।

**म्यूजिक कॉन्सर्ट:** किसी म्यूजिक कॉन्सर्ट में जाकर पति-पत्नी एक साथ इस खास दिन संगीत का आनंद ले सकते हैं। आप चाहें तो अपने घर पर ही अपने पसंदीदा रोमांटिक गीतों को सुन सकते हैं और साथ में डांस भी कर सकते हैं। यकीन मानिए प्रेम भाव से भरे हुए गाने आप दोनों के भीतर प्यार का नया अहसास भर देंगे।

**इनका भी रखें ध्यान:** आप वैलेंटाइन-डे के अवसर पर यहां बताए गए आइडियाज पर तो अमल करें ही साथ ही कुछ और बातों का भी हमेशा यानी हर रोज ध्यान रखें तो आपका प्यार कभी कमजोर नहीं होगा।

- पति-पत्नी को हर रोज एक-दूसरे को कुछ समय जरूर देना चाहिए। आप एक-दूसरे के साथ समय बिताने के दौरान अपने विचारों और मन की बातों को साझा कर सकते हैं।
- आत्मीय बातचीत के दौरान पति-पत्नी को केवल अपनी बात कहनी ही नहीं चाहिए पार्टनर की बात सुननी भी चाहिए। आप एक-दूसरे की समस्याओं को न केवल ध्यान से सुनें, उसका समाधान निकालने का भी प्रयास जरूर करें।
- एक-दूसरे को अगर आप प्यार करते हैं तो अपने जज्बात बयां करने से भी नहीं नहीं झिझकें। अपनी भावनाएं बयां करने से प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- पति-पत्नी को एक-दूसरे का साथ हर जगह देना चाहिए। एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने की भी हर संभव कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों में गलतियां सभी से होती रहती हैं। ऐसे में पति-पत्नी को एक-दूसरे को माफ करना भी आना चाहिए। इससे अपने जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान बढ़ता है। इसलिए एक-दूसरे की छोटी-छोटी कमियों को नजरअंदाज करें और प्यार के इस रिश्ते को प्रगाढ़ करने की दिशा में आगे बढ़ें।

भले ही आज सोशल मीडिया और इंटरनेट के दौर में दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति से रिलेशन बनाना ईजी हो गया है, लेकिन नई पीढ़ी का एक वर्ग अपने आस-पास के व्यक्ति से ही डेटिंग-लव रिलेशन को इंपॉर्टेंस देने लगा है। इस जिप-कोड डेटिंग के कई फायदे हैं तो कुछ कमियां भी हैं। इनके बारे में आप भी जानें।

# न्यू जेनरेशन को भा रहा जिप-कोड डेटिंग ट्रेंड

न्यू ट्रेंड
दीपिका शर्मा

आज के तेज रफ्तार वाले डिजिटल दौर में, जहां हम दुनिया भर के लोगों से सेकेंडों में कनेक्ट हो सकते हैं, वहीं प्यार की दिशा थोड़ी विपरीत दिशा में घूमती दिख रही है। आज की युवा पीढ़ी लंबी दूरी के रोमांस की जगह अपने आस-पड़ोस में ही साथी खोजने को तरजीह दे रही है। इसे ही कहा जा रहा है जिप-कोड डेटिंग यानी मोहब्बत की तलाश अब चैट एप्स पर नहीं, बल्कि अपने आस-पास के गली, मोहल्ले और पोस्टल कोड की सीमाओं में हो रही है। रिश्तों की यह वापसी पुराने स्कूल-डेज वाली फीलिंग देती है, जहां मोहब्बत रोज मिलने की मुस्कान और बार-बार दिखने वाले चेहरे से पनपती थी।



**निकटता बनाती है आकर्षक:** जिप-कोड ट्रेंड की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यह सुविधा और कनेक्शन दोनों का सुंदर मिश्रण है। पहले लोग प्रेम-पत्र लिखकर महीनों तक जवाब का इंतजार करते थे, आज रिप्लाई मिनटों में मिलता है और मिलने का प्लान तो कुछ कदम चलकर भी पूरा हो सकता है। यही निकटता इसे और भी आकर्षक बनाती है। रोज चलते हुए वही चेहरा नजर आना, बस स्टैंड पर एक ही बस का इंतजार करना, सब्जी मंडी में अनजाने में टकराना, ये छोटे-छोटे क्षण दिल में पहचान और फिर विश्वास का बीज बो देते हैं। यही पहचान धीरे-धीरे अपनापन बनाती है। कभी-कभी यह रिश्ता गहरे संग-साथ यानी साथ निभाने वाले संबंध में बदल जाता है।



**इस नए ट्रेंड के फायदे:** जिप-कोड ट्रेंड का सबसे पहला फायदा तो यही है कि पास रहना मतलब आसान पहुंच। न लंबी दूरी, न समय की बाधा, जब चाहें मिल सकें, बातचीत हो सके। इससे कम्युनिकेशन सहज रहता है और गलतफहमी कम होने की संभावना रहती है।

दूसरा लाभ, खर्च और मेहनत दोनों बचते हैं। दूर रहने वाले रिश्तों में समय और पैसे दोनों अधिक लगते हैं, जबकि जिप-कोड डेटिंग में यही संसाधन क्वालिटी टाइम में बदले जा सकते हैं। तीसरा फायदा यह है कि साझा परिवेश, रिश्ते को एक मजबूत नींव देता है। समान इलाके, समान भाषा, समान जीवनशैली यह कंपैटेबिलिटी को बढ़ाती है। परिवार के लोग भी ऐसे रिश्तों को जल्दी स्वीकार कर लेते हैं, क्योंकि सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में फर्क कम होता है। साथ ही पास रहने से सुरक्षा और कंफर्ट जोन दोनों बढ़ते हैं। जिप-कोड का ट्रेंड केवल पढ़ने-सुनने में ही अच्छा नहीं लगता है बल्कि लॉजिकल भी लगता है। दरअसल, आप उनके साथ आसानी से जुड़ सकते हैं, जो आपके जैसी लाइफस्टाइल जीते हैं।

**होते हैं कुछ रिस्क भी:** जिप-कोड रिलेशन में जहां आपसी दूरी कम होती है तो वहां पर्सनल स्पेस भी कम हो सकता है। पड़ोसियों की नजरें, समाज की बातें, प्राइवेसी में सेंध, ये सब इस रिश्ते के पनपने की राह में सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। रिश्ता निभ गया तो पूरा इलाका खुश, पर अगर खटास आई तो रोज सामना होना ही भारी लग सकता है। साथ ही, चुनाव का दायरा सीमित होना भी एक कमी है। हम वही चुनते हैं, जो आस-पास विकल्प में हो, न कि वह जो व्यक्तित्व या अहमियत से ज्यादा मेल खाए। यानी, सिर्फ दिल मिलना नहीं, एक-दूसरे के बीच की दूरी भी मायने रखती है। यह आपकी लेजीनेस पर्सनालिटी को भी दर्शाता है। साथ ही यह भी साबित करता है कि रिस्क लेने की क्षमता का आपमें अभाव है। आप चैलेंज लेने से डरते हैं, क्योंकि आपको लगता है कि किसी दूसरे को समझने में, जानने में और ढूंढ़ने में समय लगेगा, इसलिए अपने आस-पास जो है, उसी से काम चलाओ। यानी, जिप कोड एटिट्यूड जितना सरल लगता है, लंबी अवधि में उतने ही नेगेटिव इंपैक्ट भी दिखता है।

मेकअप
निधि गोयल

# दमकेगा आपका ऐसा रूप पार्टनर हो जाएंगे फिदा

वैलेंटाइन-डे के खास मौके पर आप जरूर चाहेंगी कि आपका लुक स्पेशल नजर आए, आपके पार्टनर आप पर फिदा हो जाएं तो इसके लिए आपको यहां बताए जा रहे मेकअप के स्टेप्स फॉलो करने होंगे। इससे आपका मेकअप अट्रैक्टिव के साथ ग्लोइंग भी नजर आएगा। आइए जानते हैं, आप किस तरह अपने मेकअप को परफेक्ट लुक दे सकती हैं।

**स्किन को करें क्लीन:** सबसे पहले जरूरी है कि आप अपनी स्किन को अच्छे फेसवॉश से क्लीन करें। इसके बाद मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल करें, जिससे आपकी स्किन हाइड्रेट रहे क्योंकि स्किन का सॉफ्ट और हाइड्रेट रहना भी बेहद आवश्यक है। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे आपका मेकअप ज्यादा समय तक टिका रहेगा और स्किन स्मूद और क्लीन नजर आएगी।

**फाउंडेशन का करें यूज:** क्लीनिंग के बाद आपको अपनी स्किन टोन से मैच करते हुए फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। फाउंडेशन को स्पंज या ब्रश की सहायता से ब्लेंड करें, जिससे यह स्किन पर अलग से लगा हुआ नजर नहीं आएगा। इससे आपकी स्किन को ग्लोइंग लुक मिलेगा।



**नेचुरल कलर का ब्लशर:** फेस स्किन पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करने के बाद गालों पर ब्लश अप्लाई करें। इसके लिए पिंक और पीच कलर के ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे गालो को नेचुरल लुक मिलेगा और आपका मेकअप भी ग्लोइंग नजर आएगा। ब्लशर में आप क्रीमी ब्लश का इस्तेमाल करें क्योंकि इससे स्किन को बेहद ताजगी भरा लुक मिलता है।

**ऐसे करें आइज मेकअप:** आंखों का मेकअप जब भी करें तो ध्यान रखें कि आपको बहुत ज्यादा हैवी मेकअप नहीं करना है क्योंकि दिन में आप किसी पार्टी में या अपने पार्टनर के साथ घूमने जा रही हैं तो थोड़ा सॉफ्ट मेकअप ही अट्रैक्टिव लगता है। इसके लिए आपको आंखों पर लाइट कलर के आईशैडो का इस्तेमाल करना सही रहेगा। आंखों पर अपनी ड्रेस से मैच करते हुए शेड का इस्तेमाल आप कर सकती हैं। साथ ही आईलाइनर को डिफरेंट तरीके से लगा सकती हैं। इसके बाद मस्कारा या काजल का इस्तेमाल भी करें।

**लिक्विड हाइलाइटर:** मेकअप पूरा होने के बाद हाइलाइटर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे स्किन पर ग्लो आता है। हाइलाइटर का इस्तेमाल करें तो उसे गालों, नाक की हड्डी और माथे पर लगाएं, जिससे आपको नेचुरल ग्लोइंग लुक मिलेगा। परंतु ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा मात्रा में हाइलाइटर नहीं लगाएं।

**होंठों को दें ग्लॉसी लुक:** जब आप मेकअप कंप्लीट कर लेती हैं, तो बारी आती है होंठों को अट्रैक्टिव बनाने की। इसके लिए आप होंठों पर ग्लॉस का इस्तेमाल करें, क्योंकि नेचुरल कलर के ग्लॉस ज्यादा अच्छा लुक देते हैं। इन्हें लगाने से आपका पूरा मेकअप निखर जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

सजेशन
मनोज अग्निहोत्री

गिफ्ट के जरिए हम अपने किसी प्रिय को अपनी फीलिंग्स प्रकट करते हैं। बात जब वैलेंटाइन-डे पर गिफ्ट देने की हो तो यह और भी मायने रखता है। इसीलिए हम कुछ यूनीक गिफ्ट आइटम्स के बारे में बता रहे हैं।

# आपके पार्टनर को आएंगे पसंद ये अट्रैक्टिव-यूनीक गिफ्ट्स

किसी भी खास अवसर पर हम गिफ्ट देकर अपने प्रिय को स्पेशल फील करा सकते हैं। आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप भी अपने पार्टनर को जरूर कोई प्यारा सा गिफ्ट देना चाहेंगे। गिफ्ट देते समय आपको अपने पार्टनर की पसंद के साथ ही उसके लुक, उसके यूज और उससे जुड़ी अपनी फीलिंग्स का ध्यान रखना चाहिए। अगर आपको यह समझ नहीं आ रहा है कि ऐसा क्या दिया जाए जो आपके पार्टनर को तो पसंद आए ही उनके लिए उपयोगी भी हो, तो हम आपको ऐसे ही कुछ बेहतरीन और यूनीक गिफ्ट ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से किसी को भी आप अपने प्रियजन को दे सकते हैं और इस वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकते हैं।



**कस्टमाइज ज्वेलरी:** आप अपने पार्टनर को स्पेशल फील करवाने के लिए उनके नाम से कस्टमाइज करवाकर रिस्ट वॉच, इयर रिंग्स, कफलिंग्स, रिंग्स या लॉकेट वाली चेन आदि दे सकते हैं। कम दाम में भी ऐसे गिफ्ट्स मिल जाएंगे।

**फोटो एल्बम या फोटो कोलाज:** साथ बिताए पलों को और अपने पार्टनर के अलग-अलग फोटोज को आप बहुत खूबसूरत से फोटोफ्रेम में कैप्चर करके उन्हें प्रेजेंट कर सकते हैं। इसी तरह आप कई प्यारी सी तस्वीरों का कोलाज भी बनवा कर उनको गिफ्ट कर सकते हैं। यह यूनीक और अनमोल तोहफा आपके पार्टनर को जरूर पसंद आएगा।



**हैंड रिटेन लैटर:** मोबाइल और डिजिटल दुनिया के इस दौर में आप एक खूबसूरत से लैटर पैड पर अपने प्रिय के प्रति अपनी भावनाओं को कविता या पत्र के माध्यम से लिखकर सुंदर से लिफाफे में रखकर गिफ्ट कर सकते हैं। पेन और पेपर से व्यक्त की गईं आपकी भावनाएं आपके पार्टनर को अवश्य पसंद आएंगी। आपकी फीलिंग्स से भरे इन शब्दों को वे कभी नहीं भूल पाएंगे।

**होम मेड आइटम्स:** आप घर पर ही हार्ट शेप की कुकीज, केक्स, नानखटाई या चॉकलेट्स बनाकर उसे गिफ्ट पेपर में रैप करके भी गिफ्ट कर सकती हैं। बाजार की रेडीमेड वस्तुओं की जगह ये हैंडमेड आइटम्स आपके पार्टनर को आपके प्यार की ऊष्मा का अहसास कराएंगी।

**प्यारे से प्लांट्स:** यदि आपके पार्टनर नेचर लवर हैं, तो आप उनको जेड, एडेनियम, गुलाब, पाम या क्रोटन जैसे पौधों को सुंदर गमले में लगाकर गिफ्ट दे सकते हैं। जो आपके प्यार की ही भांति धीरे-धीरे बढ़ेगा। इन पौधों को जब भी आपका पार्टनर देखेगा, आपको याद किए बिना नहीं रह सकेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स:** अगर आपके पार्टनर टेक्नोलवर हैं तो उनको आप स्मार्ट वॉच, वायरलेस इयर फोंस, टैब या एयरफ्रायर जैसा होम एप्लाइंस भी गिफ्ट कर सकते हैं। गिफ्ट खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान रखें-

- गिफ्ट खरीदते समय अपने पार्टनर की उम्र और रुचि का अवश्य ध्यान रखें ताकि गिफ्ट उनके लिए उपयोगी रहे।
- पहले अपना बजट निर्धारित करें और उसी के अनुसार गिफ्ट का चयन करें।
- अकसर ऑफलाइन की अपेक्षा ऑनलाइन गिफ्ट आइटम्स में अधिक वैरायटीज और क्वालिटी मिल जाती हैं। आप अपने बजट के अनुसार वहां से भी गिफ्ट खरीद सकते हैं।
- गिफ्ट चाहे छोटे आकार का हो या बड़ा उसे गिफ्ट पेपर में अच्छी तरह रैप करके ही प्रेजेंट करें। इससे गिफ्ट की सुंदरता और अधिक बढ़ जाती है।

## खबर संक्षेप

### गुरु गोरखनाथ का आठवां भंडारा आज

**मंडी अटेली।** प्राचीन मंदिर श्रीजाहरवीर गोगा एवं बाबा गुरु गोरखनाथ का चंदपुरा एवं सूजापुर में गौरख पर्व के उपलक्ष्य में बाबा गुरु गोरखनाथ का आठवां भंडारा एवं जागरण 10 फरवरी को श्रद्धा व धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी सदस्य राकेश कुमार ने बताया कि आज सवा आठ बजे हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद सवा 10 बजे कढ़ी खिचड़ा एवं भजन कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें रामधन गोस्वामी एण्ड पार्टी द्वारा बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने व बाबा का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### सूर्य नमस्कार योग शिविर का समापन

**मंडी अटेली।** गुजरवास के सौजन्य से चल रहे सात दिवसीय सूर्य नमस्कार योग शिविर का समापन हो गया। समापन मौके पर योग प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सरपंच वर्षा रानी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। योग साधना से व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। इसलिए हमें योग को अपनी दिनचर्या में शुमार करना चाहिए। आयुष विभाग की ओर से योग सहायक पवन कौशिक ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न चरणों का अभ्यास करवाते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर को ऊर्जा मिलती है। पाचन शक्ति बढ़ती है और मानसिक तनाव कम होता है।

### विविध जागरूकता कार्यक्रम में दी जानकारी

**नारनौल।** राजकीय महिला महाविद्यालय की ओर से प्राथमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में आयोजित एनएसएस शिविर के तीसरे दिन विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियां संपन्न हुईं। प्राचार्य डॉ. आरपी सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रातःकालीन सत्र में यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स इंचार्ज नित्यानंद यादव मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्राओं को यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स मंत्रालय एवं माई भारत कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को समझाते हुए स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

## भवन निर्माण कारीगर मजदूरों का प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# श्रमिक विरोधी 4 लेबर कोड के विरोध में12 को होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**पिछले आठ महीनों से भवन निर्माण कारीगर मजदूरों का पोर्टल बंद पड़ा जिसके चलते हो रही है परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी से संबंधित भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन (रजिस्ट्रेशन नंबर 1845) ने सोमवार को लघु सचिवालय पर विरोध प्रदर्शन कर भवन निर्माण कारीगर मजदूरों की मांगों को लेकर ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान सीताराम व जिला सचिव महावीर प्रसाद गोद ने कहा कि पिछले आठ महीनों से भवन निर्माण कारीगर मजदूरों का पोर्टल बंद पड़ा है। एचबीओएसडीब्लू पोर्टल बंद करके हजारों वास्तविक श्रमिकों को नए पंजीकरण व रिन्यूअल तथा निर्माण श्रमिकों को उनके हित लाभ से वंचित करना घोर मजदूर विरोध कदम है, जिससे निर्माण मजदूर पंजीकरण व हित लाभ से वंचित हो रहे हैं। ऊपर से केन्द्र सरकार ने श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड लागू कर श्रमिकों के बचे खुचे वैधानिक अधिकारों को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि श्रमिक विरोधी 4 लेबर कोड के विरोध में केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी सहित देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भवन निर्माण कारीगर मजदूर भी बढ़–चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि गांव देहात के ग्रामीण मजदूरों का मनरेगा में काम मांगने का अधिकार भी नए कानूनों में छीन लाया है। जरूरत तो थी मनरेगा कानून में साल में 200 दिन काम व 800 रुपये की दिहाड़ी की गारंटी करने की। मगर नए कानून में श्रमिकों के काम की गारंटी समाप्त कर दी और साल में 60 दिन (फसल कटाई पर) काम नहीं मिलने पर मोहर लगा दी। जब जहां काम मिलेगा, वह केंद्र सरकार के कहने पर मिलेगा। मगर केंद्र सरकार उसकी मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं करेगी। वह राज्य सरकारों पर डाल दिया। यह नया कानून वास्तव में मजदूरों से काम मांगने का अधिकार छीनना व उनके काम के एवज में दिहाड़ी देने से बचने का रास्ता केंद्र सरकार ने ले लिया है।


नारनौल। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल में कर्मचारी दिखाएंगे ताकत

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल के माध्यम से चार लेबर कोड को वापस लेने व 29 श्रम संहिताओं को बहाल कर उन्हें संशोधित कर मजदूर हितों में समृद्ध करने, भवन निर्माण कारीगर मजदूरों के पंजीकरण व हित लाभ की प्रक्रिया को सरल करने, भवन निर्माण मजदूरों के बंद पड़े पोर्टल को तुरंत खोलने, नए पंजीकरण शुरू करने व हित लाभ देने व 90 दिन की वर्क स्लिप तस्दीक की पावर यूनियन को दिए जाने, निर्माण श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाते हुए 10,000 रुपये प्रति माह पेंशन देने, मजदूरों की मजदूरी छीनने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, निर्माण श्रमिकों को 100 गज के प्लाट देने, स्मार्ट मीटर स्कीम पर रोक लगाने जैसी निर्माण श्रमिकों की मांगों के लिए पुरजोर मांग की जाएगी।

### जोरदार आंदोलन खड़ा करना होगा

एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने कहा कि निर्माण मजदूरों व देहात के खेत मजदूरों, मनरेगा मजदूरों को अपने जीवन से जुड़ी समस्याओं के खिलाफ जोरदार संगठित आंदोलन खड़ा करना होगा। इस अवसर पर जिला सचिव छाजूराम रावत, राम अवतार, बंशीधर, दीपक, सतबीर व बलबीर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# शिविर समस्याओं के समाधान का प्रभावी एवं सशक्त मंच : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे समाधान शिविर नागरिकों के लिए राहत का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए। समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपलब्धता मिल रही है, जिससे उनकी शिकायतों का मौके पर ही निपटारा संभव हो रहा है और उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल 71 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

### पहला मैच जेरपुर व खातोद की टीमों के बीच हुआ

**महेन्द्रगढ़।** उपमंडल के गांव जेरपुर में पहाड़ पीछे स्थित ढाब में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग व महन्त सुखबीर नाथ के सानिध्य में बाबा पांचों वीर के महान मेले के अवसर पर चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन मैदान में आई क्रिकेट टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मेला प्रबन्धन कमेटी के सदस्यों ने बताया कि सोमवार को क्रिकेट का पहला मैच जेरपुर व खातोद की टीमों के बीच हुआ। इस मैच में जेरपुर की टीम ने टास जीतकर बैटिंग की। जेरपुर ने 86 तथा खातोद की टीम ने 87 रन बनाए। खातोद टीम से पंकज ने एक छक्का लगाया तथा मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच बूचावास और नावां की टीमों के बीच रहा। नावां टीम ने टास जीतकर फिल्डिंग का निर्णय लिया। बुचावास टीम ने बैटिंग कर 73 रन बनाए। सचिन बुचावास हैट्रिक बनाकर मैन आफ द मैच रहे। तीसरा मैच मांडोला व देवराली की टीमों के बीच रहा। टास देवराली की टीम ने जीता और बैटिंग की और 60 रन बनाए। नवीन मांडोला ने दो ओवर में 5 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए तथा मैन आफ द मैच रहे।

# हिंदू सम्मेलन में दिया एकजुटता का संदेश

- हिंदू समाज में भिन्न-भिन्न विचारों का समावेशन ही सबसे बड़ी विशेषता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हिंदू समाज की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां पर भिन्न-भिन्न विचारों की समावेशन की सबसे बड़ी क्षमता है। सत्य तक पहुंचने के अनेक अलग-अलग रास्ते हैं। उन सभी रास्तों को स्वीकार करके सर्व हितकारी सर्व मंगलकारी जीवन जीने की पद्धति ही हिंदू समाज की पहचान है। अब अपनी इसी बड़ी पहचान को याद करके एकजुट होने का समय है। उक्त विचार ब्रह्मचारी गजराज महाराज ने विराट हिंदू सम्मेलन में अपने वक्तव्य के दौरान रखें। इससे पूर्व गोशाला रोड स्थित राजा मैरिज प्लेस में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में आचार्य वेदप्रकाश, डॉ सुमन रानी, डॉ बीरेंद्र आर्य और मनोज शास्त्री वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन रीना बंसल ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ ओंकार तथा गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। तत्पश्चात भारत माता के चित्र के समक्ष वक्ताओं और संतगणों ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम आगे बढ़ाया। इसके पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम और हनुमान चालीसा के सामूहिक गान से कार्यक्रम आगे बढ़ा। इस अवसर पर कुमारी अनन्या ने प्रभु श्री राम के जीवन पर मधुर भजन सुनाया।



महेंद्रगढ़। हिंदू सम्मेलन में प्रतिभावान बच्चों सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

आचार्य वेदप्रकाश ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। इसके अलावा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत प्रोफेसर महर्षि दयानंद सरस्वती पीठ की अध्यक्ष डॉ सुमन रानी, प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य डॉ बीरेंद्र आर्य, संस्कृत अध्यापक मनोज शास्त्री, कार्यक्रम में माजरा खुर्द से भागमल सिंह, रामनिवास सिंह, उमेद सिंह और रविंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। किरोड़ी लाल, पवन, सुनील, ओमप्रकाश, राजेश कुमार, बनारसी देवी बवानिया, भरत खुराना, चंद्रभान यादव, वीर प्रकाश शर्मा, डॉ. भूपसिंह यादव, संदीप योगी, बिजेंद्र कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# छात्राओं को दिए आत्मरक्षा के टिप्स

- आत्मरक्षा करना सीखना सिर्फ विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में कॉलेज प्राचार्य महेंद्र सिंह के अध्यक्षता में तथा महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश के निर्देशन में चल रहे सात दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक समापन का आयोजन किया गया। इस कैंप का छात्रों को सशक्त बनाने में विशेष योगदान रहा इस शिविर के दौरान प्रशिक्षक रोहतास कुमार द्वारा छात्राओं को कोहनी का उपयोग करके हमलावर के चेहरे पर या गर्दन परिवार करना। अगर कोई कलाई पकड़ ले तो अंगूठे की दिशा में हाथ घूमर पकड़ छुड़ाना मुट्ठी को हथौड़े की तरह इस्तेमाल करते हुए हमलावर की नाक या कान के पास वार करना। पीछे या आगे से जकड़ जाने पर शरीर को ढीला छोड़कर और कोहनी मार कर बाहर निकलना, इत्यादि बहुत सारे तरीके सिखाए गए। महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश ने इस शिविर का आयोजन करवाने की विशेषता बताते हुए छात्राओं को बताया कि आत्मरक्षा करना सीख कर वे न केवल खुद को सुरक्षित रखना सीखेंगे, बल्कि अपने बारे में कई अन्य महत्वपूर्ण कौशल और सबक भी सीखेंगे।


महेंद्रगढ़। कैंप के दौरान आत्मरक्षा के गुर सिखती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। मांग पत्र सौंपते हुए दैनिक रेल यात्री संघ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### डाबला स्टेशन के साथ लगाया भेदभाव का आरोप

**नारनौल।** रेलवे बोर्ड की ओर से 23 दिसम्बर 2025 को जारी आदेश में ट्रेन संख्या 15091/15092 (टनकपुर–दौराई एक्सप्रेस) के ठहराव को किशनगढ़, गोविंदगढ़, रामगढ़ शेखावाटी के साथ-साथ डाबला स्टेशन पर भी स्वीकृति दी गई थी। लेकिन उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल द्वारा अब तक डाबला स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव लागू नहीं किया गया है, जबकि रेलवे बोर्ड द्वारा जयपुर मंडल के अन्य स्टेशनों पर उक्त आदेश में स्वीकृत ट्रेनों का ठहराव शुरू हो चुका है। इसी मांग को लेकर दैनिक रेल यात्री संघ ने रेलवे अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर समाधान की मांग की। इस संबंध में दैनिक रेल यात्री संघ प्रधान गणेश शर्मा ने कहा कि यह रवैया न केवल रेलवे बोर्ड के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि यह आम यात्रियों के अधिकारों के साथ अन्याय भी है। उन्होंने इसे मनमाना, पक्षपातपूर्ण एवं प्रशासनिक उदासीनता का उदाहरण बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में नारनौल–अटेली रेलखंड पर लाइन डबलिंग के नाम पर कई पैसेंजर ट्रेनों को बंद कर दिया गया है, जिससे आम यात्रियों, नौकरी पेशा वर्ग व विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इसी मार्ग पर मालगाड़ियां लगातार और निर्बाध रूप से चलाई जा रही हैं।

# जीवन में आध्यात्मिक मूल्य अपनाकर आगे बढ़ने से मिलता भक्ति का मार्ग: कमल दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

ओम शांति केंद्र के तत्वाधान में रविवार को अटेली में शिव अवतरण आध्यात्मिक प्रवचन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह आठ बजे ओमशांति के साधकों द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई। इसके बाद सुबह 10 बजे प्रवचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रवचन के दौरान ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़ी कमल दीदी एवं अंजू दीदी ने शिव बाबा की महिमा आत्मा-परमात्मा के संबंध और जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिव बाबा निराकार ज्योति स्वरूप है, जो आत्माओं को पवित्रता, शांति और शक्ति प्रदान करते हैं। प्रवचन में अव्यक्त बापदादा की मुरली के संदेशों को भी श्रद्धालुओं के बीच साझा किया गया। मुरली के माध्यम से बताया गया कि यह संगमयुग अत्यंत अमूल्य है, जिसमें हर आत्मा को अपने हर सांस और हर संकल्प को समर्थ बनाकर जीवन में श्रेष्ठता लाने का अवसर मिलता है। वक्ताओं ने कहा कि लास्ट सो फास्ट और फास्ट सो फर्स्ट डिवीजन का यह समय है, जिसमें तीव्र पुरुषार्थ द्वारा आत्मिक उन्नति संभव है। शिवलिंग पर चढ़ाए जाने वाले आक और धतूरे को प्रतीकात्मक बताते हुए कहा गया कि यह हमारी बुराइयों को परमात्मा को अर्पित करने का संकेत है।


मंडी अटेली। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मोह माया को त्याग ने का दिया संदेश

दीदियों ने माया से सावधान रहने और व्यर्थ संकल्पों को त्यागकर समय व संकल्प। इन दो महान खजानों को जमा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय उड़ने का समय है, केवल चलने का नहीं। यदि आत्मा दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो परमात्मा की विशेष कृपा से सफलता सुनिश्चित होती है।

### संस्कृत श्लोक उच्चारण में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी स्कूल में दैनिक गतिविधि के अंतर्गत संस्कृत श्लोक उच्चारण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और नैतिक मूल्यों के प्रति रुचि जागृत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण से की गई। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास और शुद्ध उच्चारण के साथ विभिन्न संस्कृत श्लोकों का पाठ किया। श्लोकों के माध्यम से अनुशासन, सदाचार, ज्ञान और गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताया गया। सभी उपस्थित शिक्षकगण एवं अभिभावक विद्यार्थियों की प्रतिभा देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि संस्कृत हमारी प्राचीन और गौरवशाली भाषा है। इसके अध्ययन से न केवल बौद्धिक विकास होता है, बल्कि जीवन मूल्यों की भी समझ विकसित होती है। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने सभी विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी व आत्मविश्वास से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गाँव माजरा श्योराज खण्ड व जिला रेवाड़ी में पुरानी लोहे की टीन, पाइप व नालो के पुराने जाल की नीलामी दिनांक 12 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत घर में खुली बोली के माध्यम से की।

जो भी व्यक्ति बोली लगाना चाहे वह 12 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत घर माजरा श्योराज में पहुँच कर बोली लगा सकता है।

जो भी नियम व शर्तें होंगी, मौके पर सुना दी जाएगी ।

सरपंच/ग्राम सचिव
ग्राम पंचायत पाजरा
श्योराज जिला रेवाड़ी
9812557954, 9728033275

**आयोजन** कैलाश बस्ती के विराट हिंदू सम्मेलन में एकता और अखंडता पर दिया बल

# भारत माता की जय के जयघोष के साथ शोभायात्रा स्वरुप में की परिक्रमा

**वक्ताओं ने हिंदू समाज और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर रखे विचार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित कैलाश बस्ती के तत्वावधान में अपार मैरिज गार्डन में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक नरोत्तम सोनी ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन आयोजनों की कड़ी से रविवार को कैलाश बस्ती में भव्य आयोजन हुआ जिसका शुभारम्भ कड़िया वाला आश्रम के महाराज नरेंद्र देव, और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। सम्मेलन में पूर्व नगर चेयरपर्सन भारती सैनी एवं रविना सोनी के नेतृत्व में मोहल्ले की मातृशक्ति तथा अनेक गणमान्य नागरिकों ने भारत माता की जय के जयघोष के साथ शोभायात्रा स्वरुप में परिक्रमा की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहनगर कार्यवाह सुभाष ने संघ के उद्गम, उसकी कार्य-पद्धति, सामाजिक भूमिका एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कड़िया वाला आश्रम के महाराज नरेंद्र देव ने हिंदू समाज और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर ओजस्वी एवं प्रेरणादायी वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में कृष्णा आर्य ने कुटुंब प्रबोधन के महत्व को रेखांकित करते हुए सामाजिक मूल्यों की सुदृढ़ता पर बल दिया तथा "चंदन है इस देश की माटी" भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से पधारी बहन बीके स्नेह ने ईश्वर और मानव जीवन के संबंधों पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया तथा कच्चागढ़ा आश्रम, हरिनारायण सरकार से पधारे रणवीर आनंद जी ने उपस्थित जनसमुदाय को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। पार्षद काशी सैनी और कुसुम निर्मल ने भजन प्रस्तुत किया। सम्मेलन को सफल बनाने में एडवोकेट नरेंद्र यादव गुवानी, कैलाश जांगिड़, सुरेश जांगिड़, पूरणमल, पटवारी, कप्तान ओमप्रकाश, विजेंद्र, सुरेंद्र गिरदावर आदि का सहयोग रहा।


नारनौल। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सहनगर कार्यवाह सुभाष। फोटो : हरिभूमि

# मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी में राज्य स्तरीय प्रतिभागियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में सोमवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटी विद्यालय की प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर हुक्मसिंह तंवर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तंवर ने बताया कि विद्यालय की छात्रा रिया पुत्री बिरेंद्र तथा अंजली पुत्री धर्मपाल ने 'लीगल लिटरेसी' विषय पर आधारित वाद-विवाद प्रतियोगिता में डिविजन स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ ही दोनों छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। राज्य स्तर से लौटने पर विद्यालय पहुंचने पर दोनों छात्राओं का फूल मालाओं व तालियों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

समारोह के दौरान दोनों छात्राओं में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस मंच से उन्हें सीखने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। चेयरमैन सतन सिंह ने कहा कि आज की प्रतियोगी दुनिया में ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Aditya Saini**
Civil Judge (Junior Division),
**STATE BANK OF INDIA**
**Vs.**
**AJAY SINGH**
CNR No. HRRE02-001088-2018
Next Date:- 18.02.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Ajay singh**
**Father::-MADAN LAL**

C/O A,K MANPOWER, SHOP NO 2, 1ST FLOOR, OPPOSITE HARDWARE INDUSTRY, NEAR RAGHUVANSHI SABJI MANDI, VILLAGE KHANDSA GURUGRAM AT PRESENT H NO 409, SEC-6, UIT COLONY, NEAR AGGARWAL DHARAMSALA BHIWADI, DISTRICT ALWAR 2- RENU BALA W/O SH. AJAY KUMAR R/O H NO 409, SEC-6, UIT COLONY, NEAR AGGARWAL DHARAMSALA BHIWADI, DISTRICT ALWAR

In above titled case, the defendant(s) /respondent(s) could not be served. it is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 18-02-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs district_notice&district-Rewari

S/d Aditya Saini
Civil Judge (Junior. Divison)
Rewari
Dated, this day of 05.02.2026

## जांच की फाइल एडीसी कार्यालय में धूल फांक रही

# आधार केंद्र पर हुई अवैध वसूली, पांच माह पहले हुई शिकायत, अभी तक कार्रवाई का इंतजार

**नाम ठीक करने की ऐवज में लिए थे एक हजार रुपये से ज्यादा, सभी सबूत पेश करने के बावजूद एक्शन नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जाटूसाना के एक आधार केंद्र पर नाम ठीक कराने की ऐवज में एक हजार से अधिक रुपये अतिरिक्त वसूले गए। सीएम से लेकर समाधान शिविर तक शिकायतें दर्ज कराई गइं, परंतु आज तक कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ। आधार कार्ड में करेक्शन के नाम पर अवैध वसूली करने वाला आज तक अपने काम को पूर्व की तरह अंजाम दे रहा है। जांच की फाइल एडीसी कार्यालय में धूल फांक रही है। सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एक बार फिर से पीड़ति ने फरियाद लगाई है।


रेवाड़ी। समाधान शिविर में शिकायत दर्ज कराते हुए महीपाल। फोटो : हरिभूमि

परखोत्तमपुर निवासी महीपाल ने सीएम से लेकर समाधान शिविर तक दर्ज कराई शिकायत में बताया कि उसके बेटे के आधार कार्ड में त्रुटि थी। वह त्रुटि ठीक कराने के लिए खंड कार्यालय जाटूसाना गया, तो वहां मशीन खराब बताकर उसे वापस भेज दिया गया। उसे कार्ड की करेक्शन आधार केंद्र जाटूसाना पर ठीक कराने की सलाह दी गई। आधार केंद्र जाने पर संचालक ने दस्तावेज देखने के बाद त्रुटि ठीक होने से मना कर दिया। उसके पास दो आईडी व बेटे की मार्कशीट थी।

उसने आरोप लगाया कि केंद्र संचालक ने एक जानकार के कहने पर अतिरिक्त पैसे लेकर नाम ठीक करने के लिए कहा। वह अपने बेटे को साथ लेकर फिर से केंद्र पर गया। उसने 1150 रुपये लेकर नाम की त्रुटि ठीक कर दी। उसने पैसे लेते हुए कि वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद सबूत के साथ सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराई। समाधान शिविर में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अभी तक कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हुआ।

### बिजली लाइन ठीक कराने के निर्देश

रामपुरा रेवाड़ी के राव तुलाराम विहार कालोनी निवासियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर से घरों तक जा रही बिजली की लाइनें खुली हवा में लटकी हुई हैं। ये तारें घरों के आसपास खड़े पेड़ों से गुजरती हैं, जिनमें बार-बार शार्ट सर्किट कोने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। उन्होंने कहा है कि इस लाइन को दो सौ मीटर की दूरी में भूमिगत बिछवाया जाए। एडीसी ने बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता को मामले में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

### रिफिलिंग बंद कराने के निर्देश

समाधान शिविर में मोहल्ला नई आबादी वार्ड नं. एक निवासी फूलसिंह ने शिकायत दी कि उनके घर के समीप एलपीजी गैस को छोटे सिलेंडरों में भरने का काम किया जाता है, जो कभी भी हादसे का सबब बन सकता है। एडीसी ने डीएफएससी को इस काम को बंद करवाने तथा दोषी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गैर बीमित कुछ किसानों ने एडीसी को बताया कि गांव बासदुदा में पिछले साल बाजरे की फसल खराब हो गई थी, जिस कारण फसल को सस्ते दामों पर बेचना पड़ा। एडीसी ने जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल को मामले की रिपोर्ट देने को कहा है।

### डीसी ने सौंपी थी एडीसी को जांच

महीपाल ने बताया कि उसने गत वर्ष 24 अक्टूबर को डीसी को भी शिकायत दर्ज कराई थी। डीसी ने एडीसी को जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। समाधान शिविर और सीएम को प्रेषित शिकायत की जांच भी एडीसी के पास आई थी, परंतु अभी तक शिकायत पर एक्शन नहीं लिया गया है। ऐसे में समाधान शिविर की शिकायतों के समाधान पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### समाधान शिविर में फिर शिकायत

महीपाल ने सोमवार को जिला सचिवालय में एडीसी की अध्यक्षता में लगाए गए समाधान शिविर में एक बार फिर से शिकायत दर्ज कराई। महीपाल ने पूरे मामले की जांच व आरोपी के साथ-साथ जाटूसाना खंड में कार्यरत संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। महीपाल के मुताबिक एडीसी ने इस मामले में एक सप्ताह में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप




### राव निहाल सिंह स्कूल में सीनियर्स छात्रों के विदाई समारोह का आयोजन

रेवाड़ी। राव निहाल सिंह पब्लिक स्कूल दड़ौली में सोमवार को 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष राय सिंह यादव ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों ने विभिन्न क्षेत्रों में बड़े-बड़े पदों पर आसीन होकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। सभी अपने सीनियर्स की तरह जूनियर्स भी अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे और सफलता हासिल करेंगे। स्कूल की प्रिंसिपल सरिता यादव सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ उनकी यात्रा की यादें सांझा की। विद्यार्थियों ने अनेक तरह के खेलों से मनोरंजन किया तथा अपने गीतों पर डांस करके लुत्फ उठाया।



### सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए गर्ल्स व ब्वायज की वालीबॉल टीम का चयन

रेवाड़ी। जिला वालीबॉल एसोसिएशन हरियाणा के बैनर तले आगामी 14 व 15 फरवरी को जींद में आयोजित होने वाली दसवीं सब जूनियर वालीबॉल प्रतियोगिता के लिए राव तुलाराम स्टेडियम में अंडर-14 लडकों व लड़कियों की टीम का चयन किया गया। जला वालीबॉल संघ के उपप्रधान एडवोकेट निशांत यादव ने बताया कि ट्रायल में विभिन्न स्कूलों एवं खेल नर्सिरियों से करीब 150 खिलाडियों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला वालीबॉल संघ के सचिव युधिष्ठिर यादव, नर्सरी कोच संदीप कुमार, हेरिटेज गैलेक्सी स्कूल कोच कार्तिक तंवर, राकेश वालीबॉल कोच व पवन बिठवाना नर्सरी कोच मौजूद थे। उपप्रधान निशांत यादव ने बताया कि लड़कियों की अंडर-14 टीम में शशि, गीतिका, सोनालिका, राखी, तमन्ना, सपना, मीनाक्षी, नितका, दिशा, एकता, खुशी, प्रतिक्षा, रिया व महिमा का चयन किया गया। वहीं लडकों की टीम में मानव, विंशु, अतुल, यश, वरुण, मोहित, करण, मयंक, नवीन व प्रिंस आदि चुने गए। उन्होंने बताया कि दोनों टीमें सामूहिक रूप से प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी।



### सहायक प्रोफेसर बनने पर समाज ने किया सम्मान

कोसली। कोसली रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित जांगिड़ धर्मशाला में कुंड गांव निवासी शशिबाला को सहायक प्रोफेसर चयनित होने पर समाज की महिलाओं ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के पूर्व प्रधान रविदत्त ठेकेदार ने की। शशिबाला ने सोमवार को ही कोसली राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में ज्वाइन किया है। इस अवसर पर सोमवीर, धर्मशाला प्रधान राम भगत, पूर्व सरपंच हरिओम ठेकेदार, सूरजभान ठेकेदार, जयद्रथ जांगिड़, सतपाल, रविन्द्र कुमार ,जगदीश जांगिड़, अनिल ठेकेदार व अमित कुमार सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।



### मेघवाल उत्थान समिति की बैठक आयोजित

रेवाड़ी। मेघवाल उत्थान समिति की ओर से गांव मनेठी में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुंशी राम मिस्त्री ने की। उन्होंने कहा कि संविधान हमें समानता, न्याय एवं अवसर प्रदान करता है, जिसका हमें पूरा लाभ उठाना चाहिए। मेघवाल उत्थान समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समिति का लक्ष्य समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आर्थिक रूप से सक्षम और सामाजिक रूप से जागरूक बनाना है। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे अंधविश्वास, नशा, बाल विवाह की रोकथाम पर बल दिया। बैठक में देशराज, करमजीत, लालचंद, कृष्ण कुमार, वेद प्रकाश, आकाश, किशोर, धर्मेंद्र सिंह, राकेश कुमार व बलवंत सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सुधा बनीं बीएमजी अंतरिक्ष टावर समिति की प्रधान



रेवाड़ी। बीएमजी के अंतरिक्ष टावर समिति के नई प्रबंधन कार्यकारिणी 2026-29 के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में घड़ी के चुनाव चिंह पर प्रधान पद के लिए सुधा यादव ने एक मत से जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी सतवीर सिंह यादव ने बताया नई प्रबंधन कार्यकारिणी के लिए अंतरिक्ष टावर के 287 मतदाताओं में से 228 ने मतदान किया। मतदान के उपरांत मतों की गिनती कर देर रात को परिणाम घोषित किए। उन्होंने बताया प्रधान पद के लिए सुधा यादव हाथ की घड़ी को 114 वोट, नीरज बाला उगता सूरज को 113 वोट मिले, जबकि एक वोट कैंसिल रहा। उपप्रधान लाली देवी उगता सूरज को 120 व वोट सरिता कुमारी हाथ की घड़ी 103 वोट मिले तथा 5 वोट कैंसिल किए गए। महासचिव पर पर किशोर कुमार उगता सूरज ने 124 तथा सरोज हाथ की घड़ी ने 101 वोट हासिल किए व 3 वोट कैंसिल रहे। सहसचिव पद पर सुरेंद्र सिंह हाथ की घड़ी ने 118 वोट व पल्लवी रानी उगता सूरज ने 105 वोट हासिल किए, जबकि 5 वोट कैंसिल रहे। खजांची पद पर विजय प्रकाश पांडे हाथ की घड़ी ने 120 वोट हासिल कर रंजना उगता सूरज 105 वोट पर जीत दर्ज की तथा 3 वोट कैंसिल रहे।

## बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पाने पर छात्र सम्मानित

■ छात्र अभिषेक के मॉडल ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय माध्यमिक विद्यालय भटसाना के कक्षा आठवीं के छात्र अभिषेक ने नई तकनीक विषय पर आधारित मॉडल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला पार्षद निरंजन लाल ने इस उपलब्धि पर छात्र को सम्मानित किया। विज्ञान अध्यापक विनोद कुमार ने बताया कि छात्र अभिषेक ने उभरती तकनीक विषय के अंतर्गत फायर फाइटर रोबोट मॉडल बनाया है, आग लगने की दुर्घटना पर यह रोबोट सेंसर व ब्लूटूथ की सहायता से उस स्थान की पहचान कर आग पर नियंत्रण कर लेता है, फायर फाइटर रोबोट में रिसीवर लगा होता है, जो संकेत को तुरंत समझता है और उसके अनुसार वाहन मोटर, पंप मोटर व नोजल मोटर को निर्देश देता है। इस दौरान ऑपरेटर को लाइव विजुअल भी मिलते हैं, जिससे उन्हें आग बुझाने में आसानी रहती है।

### सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदयः जगदीश नायर

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से सोमवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में केंद्रीय बजट-2026 के प्रावधानों और दूरगामी प्रभावों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक जगदीश नायर ने शिरकत की। संगोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने की। कार्यक्रम में सरकार की आर्थिक नीतियों और समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचित तबके के उत्थान के लिए किए गए प्रयासों पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता जगदीश नायर ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए इसे सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बजट के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय है। नायर ने विशेष रूप से गरीब, पिछड़ों और अनुसूचित जाति के परिवारों के लिए बजट में किए गए विशेष प्रावधानों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में जो निवेश प्रस्तावित है, उसका सीधा लाभ एससी समाज के युवाओं को मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि सामान्य वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और उनकी क्रय शक्ति बढ़ाने वाला एक ठोस दस्तावेज है। जिला अध्यक्ष वंदना पोपली ने बजट को देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला बताया।

## महाशिवरात्रि पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गांव डूंगरवास में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। खेल प्रतियोगिताएं 14 फरवरी से आरंभ होंगी और 15 फरवरी को महा शिवरात्रि के दिन इनका समापन होगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को बाबा रुपादास मंदिर कमेटी की ओर से आकर्षक नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। कबड्डी में प्रथम आने वाले टीम को 11 हजार तथा दूसरे स्थान की टीम को 7100 हजार रुपये का नकद ईनाम दिया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मास्टर बीरेंद्र भाटोटिया ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां आरंभ कर दी गई है। कमेटी के कोषाध्यक्ष सजन फौजी, सचिव मास्टर सुरेंद्र सिंह, मेजर बीरेंद्र नीमरानिया व थानेदार बीरेंद्र सिंह सहित सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत खेल प्रतियोगिता से होगी और 15 फरवरी को महा शिवरात्रि के दिन देशभक्ति और भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।



## नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मुहैया करा रही सरकारः अनिल यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आम नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराई जा रही हैं। विधायक अनिल यादव सोमवार को अपने कार्यालय में जनसमस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश की चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर विस्तार किया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 2700 से अधिक सीटें हो गई हैं और एमडी की 100 सीट बढ़ा दी गई हैं, जिससे आने वाले समय में प्रदेश में चिकित्सकों की कमी नहीं रहेगी। विधायक ने समाधान शिविर में हलका के लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को इनका निपटारा करने के निर्देश दिए।

### मदार-रोहतक स्पेशल ट्रेन 16 से 28 तक

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639 मदार-रोहतक स्पेशल रेलसेवा 16 फरवरी से 28 फरवरी तक मदार से प्रतिदिन सुबह 4:30 बजे रवाना होकर दोपहर 12:50 बजे रोहतक पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 09640 रोहतक-मदार स्पेशल रेलसेवा 16 फरवरी से 28 फरवरी तक रोहतक से प्रतिदिन दोपहर 1:20 बजे रवाना होगी।

### गुरुग्राम में रेवाड़ी की टीम ने जमाई धाक मास्टर ताराचंद ट्राफी पर किया कब्जा



रेवाड़ी। गुरूग्राम जिला खेल परिषद के तत्वावधान में आयोजित मास्टर ताराचंद हॉकी खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबले में रेवाड़ी की टीम ने गुरूग्राम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस मौके पर प्रो. हंसराज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी तथा पुरस्कार प्रदान किए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. हंसराज यादव ने खिलाड़ियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं है, खेल जीवन को अनुशासन, संघर्ष और आत्मविश्वास सिखाता है। खिलाड़ियों को हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। आगे भी अनेक प्रतियोगिताएं आएंगी, कभी जीत मिलेगी तो कभी हार, लेकिन हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। हार ही हमें आगे और बेहतर करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय रहना चाहिए, क्योंकि खेल शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक मजबूती भी प्रदान करते हैं। प्रोफेसर हंसराज यादव ने मास्टर ताराचंद के योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे खेल महोत्सव खिलाड़ियों को मंच देने के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर राघवेंद्र राव हॉकी खिलाड़ी, फुल कुमार, अजीत डायरेक्टर बैंक, सहायक कमिश्नर कस्टम, संचालक सुनील भारद्वाज, मास्टर वीरेंद्र, जिला खेल अधिकारी, कोच सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** हिंदू एकता और आरएसएस की 100 वर्षीय यात्रा पर संतों व वक्ताओं ने रखे विचार

# नई अनाजमंडी में हुआ महाराणा प्रताप हिंदू सम्मेलन

■ हिंदू सम्मेलन में आरएसएस स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों तथा समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। हिंदू सम्मेलन में मौजूद अतिथिगण, बच्चे व संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

महाराणा प्रताप हिंदू सम्मलेन आयोजन समिति के तत्वावधान में नई अनाजमंडी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हिंदू एकता को मजबूत करने सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर चर्चा की गई। सम्मेलन में संत धीरजगिरी महाराज, विजेंद्रगिरी महाराज, आरएसएस प्रचारक व पूर्व प्रांत सैनिक प्रमुख चरणजीत सिंह तथा श्रुति शर्मा विद्याभारती ने आरएसएस की स्थापना से लेकर अब तक की उपलब्धियों और समाज में लाए गए पांच प्रमुख परिवर्तनों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम से पूर्व अनेजा पब्लिक स्कूल कंपनी बाग, शिव मंदिर सती कॉलोनी, शिव मंदिर नई अनाजमंडी, पुराना हाउसिंग बोर्ड तथा चोले वाला हनुमान मंदिर सेक्टर-1 सोलहराही से सम्मेलन स्थल तक कलश यात्राएं निकाली गई। इस मौके पर संत धीरजगिरी और विजेंद्र गिरी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सेवा के माध्यम से लाखों युवाओं को प्रेरित किया है। मुख्य वक्ता चरणजीत सिंह ने बताया कि आरएसएस की स्थापना 1925 में डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी और यह संगठन आज दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक है। श्रुति शर्मा विद्याभारती ने पांच प्रमुख परिवर्तनों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन पांच परिवर्तनों को व्यवहार में अपनाकर समाज आत्मनिर्भर और सुदृढ़ बन सकता है। उन्होंने कहा कि पांच परिवर्तनों ने भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज हमें इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

### राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली

सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की वर्तमान चुनौतियों, जैसे धर्मांतरण, सांस्कृतिक आक्रमण और सामाजिक एकता पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ ली। कार्यक्रम संयोजक डा. आत्मप्रकाश ने कहा कि ऐसे सम्मेलनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर पंडित महेश पत्सारिया और दीक्षा गुप्ता ने भगवान राम के भजन सुनाए।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संरक्षक लघु भारती उद्योग जिला अध्यक्ष संजय डाटा, सहसंयोजक एडवोकेट भूपेंद्र सिंह गुप्ता, प्रशांत यादव, ललिता यादव, अजय मित्तल, राधेश्याम मित्तल, मुकुल मित्तल, रमेश यादव, राजेंद्र सिंहल, प्रमुख समाजसेवी ब्रिजलाल गोयल व डा. पीसी सिंगला सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा। मंच संचालन एकता शर्मा ने किया।



### नशे के दुष्प्रभाव बताकर ग्रामीणों को शपथ दिलाई

रेवाड़ी। पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से सोमवार को गांव भैरमपुर व छव्वा में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया व सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया तथा यातायात के नियमों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।